पंजाब केसरी 14/08/2024

एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत जी.एम.एन. कालेज में हुई भाषण प्रतियोगिता

■ जय सिंह चौरसिया ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और अनन्या एवं शेषा शर्मा ने हासिल किया तृतीय स्थान

अम्बाला, 13 अगस्त (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कालेज में यू.जी.सी. के दिशा-निर्देशानुसार एंटी रैगिंग सैल द्वारा अर्थशास्त्र विभाग के सहयोग से एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को एंटी रैगिंग विषय पर भाषण प्रतियोगिता

जी.एम.एन. कालेज में एंटी रैगिंग विषय पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते आयोजक। (चंद्रमोहन)

का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर बी.सी.ए. तृतीय वर्ष के जय सिंह चौरसिया, द्वितीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की मुस्कान एवं तृतीय स्थान पर बी.ए. प्रथम वर्ष की अनन्या और बी.सी.ए. प्रथम वर्ष की शेषा शर्मा रही।

प्रतियोगिता के आरम्भ में एंटी रैगिंग सैल की संयोजिका डा. सीमा कंसल ने वहां मौजूद सही प्रतिभागियों एवं श्रोताओं का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के बारे में बताया। उनका कहना था कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग संबंधी गतिविधियों के बारे में जागरूक करना एवं एंटी रैगिंग सैल की सहायता से इस बुराई से निपटने के लिए उनका मार्गदर्शन करना है। इस प्रतियोगिता में कुल 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं उक्त विषय पर अपने विचार बखूबी प्रकट किए।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया एवं सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। प्रो. मनदीप कौर ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में एंटी रैगिंग सैल के सभी सदस्य एवं स्टाफ के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।